INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201002

NEWS TITLE: I.T.S Organized Quiz Whiz-2012
NEWSPAPER NAME: Amar Ujala
DATED: 13 October, 2012
PAGE NO.: 06

# प्रश्नावली में सेंट पॉल अकादमी विजेता



क्विज कंपीटीशन में भाग लेते विद्यार्थी।

साहिबाबाद। किस अभिनेता का नाम फिल्मों में आने से पहले युसुफ खान था? वेनिस आफ द नार्थ के नाम से किसे जानते हैं? चौधरी ब्रह्म प्रकाश भारत के किस राज्य के यूनियन टेरेटरी के मंत्री रहे? जैसे सवालों पर उठते हाथ और जवाब देने की होड़ में सेंट पॉल अकादमी गाज़ियाबाद अव्वल रहा। मौका था शुक्रवार को मोहन नगर स्थित आईटीएस इंस्टीट्यूट में अंतर विद्यालीय प्रश्नावली प्रतियोगिता-2012 का। इसमें दिल्ली एनसीआर के सौ स्कूलों की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में क्विज मास्टर कुणाल सावरकर रहे। वह कौन बनेगा करोड़पति के हेड रिसर्चर होने के साथ कई बड़ी प्रतियोगिताओं को लीड कर चुके हैं। सही जवाब देकर सेंट पॉल अकादमी प्रथम, विवेकानंद स्कूल ईस्ट दिल्ली द्वितीय स्थान पर रहा। तीसरे स्थान पर एएसएन सीनियर सेकेंडरी स्कूल ईस्ट दिल्ली और डीपीएस इंदिरापुरम ने जगह बनाई। दर्शकों के लिए भी कई सवाल थे। सही जवाब देने वालों को गिफ्ट हैंपर दिए गए।

D.G. Sir, ..............................
Director IT. .........................
Director Mgmt. ..................
Principle UG. ......................
Registrar. ...........................
Secretary ............................
Librarian ............................

# INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
# MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201002

NEWS TITLE: I.T.S Organized Quiz Whiz-2012
NEWSPAPER NAME: Dainik Jagran
DATED: 13 October, 2012
PAGE NO.: 24

## क्वीज में सेंट पॉल एकेडमी ने लहराया परचम



आईटीएस कालेज में आयोजित इंटर स्कूल क्वीज प्रतियोगिता में मंच संचालन करती योग्या। मंचासीन है डा.सुजाता खंडाई, आर.बी.एल.गोस्वामी, आर.पी.चड्ढा व डा.ए.के.पुरी। जागरण

**जासंकें, मोहन नगर :** आइटीएस कालेज में शुक्रवार को इंटर स्कूल क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विजेता स्कूल की टीमों को ट्राफी व निर्धारित धन राशि देकर सम्मानित किया गया। मोहन नगर स्थित आइटीएस कालेज में आयोजित इंटर स्कूल क्वीज प्रतियोगिता में 101 स्कूल के छात्रों ने शिरकत की। प्रतियोगिता कई राउंड में हुई और अंत में सेमी फाइल में प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार से विजेता टीमों को नवाजा गया। सेंट पॉल एकेडमी गाजियाबाद ने प्रथम, विवेकानंद स्कूल डी ब्लाक ईस्ट दिल्ली ने द्वितीय, डीपीएस इंदिरापुरम व एएसएन सैकेंडरी स्कूल दिल्ली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

D.G. Sir, ...............................
Director IT. ..........................
Director Mgmt. ..................
Principle UG. ......................
Registrar. ............................
Secretary ............................
Librarian ..............................

**INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE**
**MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201002**

NEWS TITLE: I.T.S Organized Quiz Whiz-2012
NEWSPAPER NAME: Hidustan
DATED: 13 October, 2012
PAGE NO.: 22




मोहननगर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस (आईटीएस) में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में विजेता टीम। • नरेश कश्यप

# सेंट पॉल की टीम बनी क्विज की विजेता

ट्रांस हिंडन | हमारे संवाददाता

मोहननगर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईटीएस) में शुक्रवार को आयोजित क्विज-व्हीज प्रतियोगिता-2012 की विजेता सेंट पॉल एकेडमी की टीम रही।

इस प्रतियोगिता में दिल्ली- एनसीआर के 101 विद्यालयों के कुल 303 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कई राउंड से गुजरते हुए बच्चों ने खूब दिमागी घोड़े दौड़ाए। सभी को पछाड़ते हुए सेंट पॉल की टीम ने बाजी मारी। वहीं दूसरे स्थान पर पूर्वी दिल्ली की विवेकानंद स्कूल की टीम ने कब्जा जमाया। तीसरे स्थान पर एएसएन सीनियर सेकेंड्री प्रतियोगिता कुल चीन चरणों में आयोजित हुई। पहले चरण में 18 विद्यालयों के कुल 54 विद्यार्थियों का चयन हुआ। इसके बाद विद्यार्थी दूसरे चरण से गुजरे और फिर अंतिम चरण में कुल 6 विद्यालयों के 18 विद्यार्थियों की टीमों ने सवालों के सही जवाब देकर पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर कब्जा जमाया। विजेता टीमों को नगद धनराशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर संस्थान के वाइस चेयरमेन अर्पित चड्ढा, सेक्रेटरी बीके अरोड़ा, महानिदेशक एके पुरी आदि शामिल रहे।

## जीत पर गर्व

- आईटीएस इंस्टीट्यूट में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन
- दिल्ली, गाजियाबाद, फरीदाबाद के 303 छात्रों ने भाग लिया

D.G. Sir, ..............................
Director IT. ..........................
Director Mgmt. ...................
Principle UG. ......................
Registrar. ...........................
Secretary ............................
Librarian ............................


**INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE**
**MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201002**

NEWS TITLE: I.T.S Organized Quiz Whiz-2012
NEWSPAPER NAME: Dainik Bhaskar
DATED: 13 October, 2012
PAGE NO.: 02

# क्विज प्रतियोगिता में दिखाया कौशल

## तीन माह से चल रही इन्ट्रा स्कूल ऑन लाइन क्विज नामक प्रतिस्पर्धा का समापन

**साहिबाबाद,** संवाददाता। आईटीएस द ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट्स द्वारा लगभग तीन माह से चली आ रही इन्ट्रा स्कूल ऑन लाइन क्विज नामक प्रतिस्पर्धा का समापन 12 अक्टूबर 2012 को हो गया। इस प्रतियोगिता में प्रति विद्यालय तीन सर्वोत्तीर्ण विद्यार्थियों के मध्य 12 अक्टूबर 2012 को एक इन्टर स्कूल क्वीज प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ आईटीएस, मोहन नगर, गाजियाबाद संस्थान के प्रेक्षाग्रह में सुबह 10:00 बजे किया गया। इसमें दिल्ली तथा एनसीआर के 101 विद्यालयों के 303 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने बढ़चढ़ कर भाग लेते हुए अपनी बुद्धि कौशल का लोहा मनवाया। प्रतियोगिता के तीन चरण थे, जिनमें प्रथम चरण में चयनित 18 विद्यालयों के 54 विद्यार्थियों के मध्य द्वितीय चरण उर्तीण करने के बाद अंतिम चरण में कुल 6 विद्यालयों के विद्यार्थियों में से आखिरी त विद्यालयों के छात्रों को प्रथम द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार प्रदा किये गये। प्रतियोगिता का आधा सामान्य ज्ञान तकनीकी ज्ञान तथ बौद्धिक क्षमता था, जिसका उद्देश्य था युवा विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना तथा योग्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना। प्रथम, द्वितीय, तथा तृतीय पुरस्कार स्वंरूप छात्रों को क्रमशः 21,000, 15,000, तथा 9,000, रुपये की नकद धनराशि तथा अन्य बहुत से पुरस्कार प्रदान किए गए।




स्पर्धा में भाग लेते बच्चे। इस दौरान विजेता तीन स्कूल के छात्रों को पुरस्कृत किया गया।

D.G. Sir, ..............................
Director IT. .........................
Director Mgmt. ..................
Principle UG. ......................
Registrar. ............................
Secretary ............................
Librarian ...............................

INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201002

NEWS TITLE: I.T.S Organized Quiz Whiz-2012
NEWSPAPER NAME: Mahamedha
DATED: 13 October, 2012
PAGE NO.: 06

# आईटीएस में हुआ क्विज-व्हीज प्रतियोगिता का आयोजन

साहिबाबाद(संवाददाता)। मोहन नगर में मौजूद आई.टी.एस. द ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूस द्वारा गत् लगभग तीन माह से चली आ रही 'इन्ट्रा स्कूल ऑन लाइन क्विज़' नामक प्रतिस्पर्धा का समापन 12 अक्टूबर 2012 को हो गया। प्रतियोगिता के शुरूआत सरस्वती वन्दना के साथ की गई।

इस प्रतियोगिता में प्रति विद्यालय तीन सर्वोत्तीर्ण विद्यार्थियों के मध्य 12 अक्टूबर 2012 को एक 'इन्टर स्कूल क्वीज प्रतिस्पर्धा' का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ आई.टी.एस., मोहन नगर, गाजियाबाद संस्थान के प्रेक्षाग्रह में सुबह 10:00 बजे किया गया, जिसमें दिल्ली तथा एनसीआर के 101 विद्यालयों के 303 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में साहिबाबाद के हिण्डन एयरफोर्स स्कूल केबी-1, केबी-2, केबी-3, डीएवी स्कूल, राजेन्द्र नगर, दिवाकर, डीपीएस इन्द्रिरापुरम, ग्रीन फिल्ड, चन्द्र नगर, होली एन्जल, राजेन्द्र नगर, इन्द्रिरापुरम पब्लिक स्कूल व शालीमार गार्डन के सेंट मैरी स्कूल व दिल्ली के वनस्थली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बढ-चढ़ कर इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रतियोगिंता के तीन चरण थे, जिनमें प्रथम चरण में चयनित 18 विद्यालयों के 54 विद्यार्थियों के मध्य द्वितीय चरण उर्तीण करने के बाद अंतिम चरण में कुल 6 विद्यालयों के 18 विद्यार्थियों में से आखिरी तीन विद्यालयों के छात्रों को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये। प्रतियोगिता का आधार सामान्य ज्ञान तकनीकी ज्ञान तथा बौद्धिक क्षमता था, जिसका उद्देश्य था युवा विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना तथा योग्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना। प्रथम, द्वितीय, तथा तृतीय पुरस्कार स्वरूप छात्रों को क्रमशः 21,000, 15,000, तथा 9,000, रुपये की नकद धनराषि तथा अन्य बहुत से पुरस्कार प्रदान किये गये।

इस मौके पर आई.टी.एस की प्रिंसिपल डॉ. सुजाता के साथ डॉ. ए.के. पुरी, डॉ. आर.बी.एल. गोस्वामी, डॉ. आर.पी चड्ढा, मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।




साहिबाबाद : आई.टी.एस. द ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट के क्विज-व्हीज प्रतियोगिता भाग लेते विभिन्न स्कूलों के छात्र। महामेधा

D.G. Sir, ..............................
Director IT. .........................
Director Mgmt. ..................
Principle UG. ......................
Registrar. ............................
Secretary ............................
Librarian ............................

NEWS PAPER : NATIONAL DUNIYA

DATED : 13 Oct 12

PAGE NO. : 16

# सेंट पॉल्स रहा इन्ट्रा स्कूल ऑनलाइन क्विज का विजेता




आईटीएस में आयोजित क्विज प्रतियोगिता में विजेता छात्रों के साथ प्रबंधक।

साहिबाबाद। आईटीएस में आयोजित 'क्विज-व्हीज 2012' प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हो गया। प्रतियोगिता में दिल्ली-एनसीआर के 101 विद्यालयों के 303 विद्यार्थियों ने भाग लिया। गत तीन माह से चल रही 'इन्ट्रा स्कूल ऑन लाइन क्विज' प्रतियोगिता तीन चरणों में कराई गई। प्रथम चरण में 18 विद्यालयों के 54 विद्यार्थियों के बीच हुई। तीसरे और अंतिम चरण में कुल 6 विद्यालयों के 18 विद्यार्थी पहुंचे। जिसमें पहला स्थान सेंट पॉल्स एकेडमी गाजियाबाद को मिला। दूसरे स्थान पर ईस्ट दिल्ली का विवेकानंद स्कूल रहा जबकि तीसरे स्थान के लिए टाई रहा। एएसएन सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल और डीपीएस इंदिरापुरम सुंयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में सामान्य ज्ञान, तकनीकी ज्ञान और बौद्धिक क्षमता को बराबर मापा गया। विजेता टीम को क्रमशः 21 हजार, 15 हजार और 9 हजार रुपए का नकद पुरस्कार दिया गया। समापन समारोह में आईटीएस के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा, सेक्रेट्री बीके अरोरा, महानिदेशक एके पुरी, डॉ. एकेएस सूर्यवंशी, प्राचार्या डॉ. सुजाता खण्डई और डॉ. विनीत कंसल मौजूद रहे।

NEWS PAPER : DLA

DATED : 13 Oct 12

PAGE NO. : 09

गाजियाबाद के मोहन नगर स्थित आईटीएस कालेज में चल रही क्वीज-व्हीज प्रतियोगिता में गाजियाबाद का सेंट पॉल स्कूल विजयी रहा। सेकेंड स्थान पर ईस्ट दिल्ली का विवेकानंद स्कूल और थर्ड पोजीशन पर ईस्ट दिल्ली का एएसएन और इंदिपुरम का डीपीएस स्कूल रहा। चीफ गेस्ट सिटी मजिस्ट्रेट करमेंद्र सिंह ने प्रतिभाशाली स्टूडेंट्स को पुरस्कार और सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। संस्थान के वाइस चेयरमैन अर्पित अरोड़ा, बीके अरोड़ा, डा. विनीत कंसल, मोनिका शर्मा, मनोज कुमार आदि लोग मौजूद रहे।



NEWS PAPER : YUG KARVAT

DATED : 13 oct 12

PAGE NO. : 05

# सेंट पॉल एकेडमी ने जीती क्वीज प्रतियोगिता







गाजियाबाद। मोहननगर स्थित आईटीएस में तीन माह से चल रही इंट्रा स्कूल ऑनलाइन क्वीज प्रतियोगिता में सेंट पॉल एकेडमी गाजियाबाद की टीम विजेता रही। विजेता टीम को इक्कीस हजार रुपए नकद पुरस्कार के अलावा प्रशस्ति पत्र दिया गया। ईस्ट दिल्ली के विवेकानंद स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तृतीय स्थान पर दो स्कूल ईस्ट दिल्ली के एएसएन स्कूल और इंदिरापुरम के डीपीएस रहे। द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहने वाली टीमों को पंद्रह हजार और नौ हजार रुपए की नगद धनराशि के अलावा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को हुए फाइनल मुकाबलों में दिल्ली और एनसीआर के 101 स्कूलों के 303 छात्रों ने भाग लिया। तीन चरणों में बंटी इस प्रतियोगिता के प्रथम चरण में 54 प्रतिभागी द्वितीय चरण में पहुंचे थे। अंतिम चरण में 18 प्रतिभागियों के बीच मुकाबला हुआ।

सिटी मजिस्ट्रेट कर्मेंद्र सिंह ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर चेयरमैन आर पी चड्डा, वाइस चेयरमैन अर्पित चड्डा, सचिव बी के अरोड़ा, महानिदेशक ए के पुरी, निदेशक मैनेजमेंट डा. ए के एस सूर्यवंशी, प्रिंसीपल डा. सुजाता खंडाई, निदेशक आई टी डा. विनीत कंसल भी उपस्थित थे।

NEWS PAPER : ATHAH
DATED : 13 Oct. 2012
PAGE NO. : 04

# आई.टी.एस. इन्स्टीट्यूट में हुआ क्विज प्रतियोगिता का आयोजन







साहिबाबाद, 13 अक्टूबर। मोहन नगर में मौजूद आई.टी.एस. द ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूट द्वारा गत् लगभग तीन माह से चली आ रही 'इन्ट्रा स्कूल ऑन लाइन क्विज प्रतिस्पर्धा का समापन 12 अक्टूबर को हो गया। प्रतियोगिता के शुरूआत सरस्वती वन्दना के साथ की गई ।

इस प्रतियोगिता में प्रति विद्यालय तीन सर्वोत्तीर्ण विद्यार्थियों के मधय 12 अक्टूबर को एक 'इन्टर स्कूल क्वीज प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ आई.टी.एस., मोहन नगर, गाजियाबाद संस्थान के प्रेक्षाग्रह में सुबह 10:00 बजे किया गया, जिसमें दिल्ली तथा एन.सी.आर. के 101 विद्यालयों के 303 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में साहिबाबाद के हिण्डन एयरफोर्स स्कूल केबी-1, केबी-2, केबी-3, डीएवी स्कूल, राजेन्द्र नगर, दिवाकर, डीपीएस इन्द्रिापुरम, ग्रीन फिल्ड, चन्द्र नगर, होली एन्जल, राजेन्द्र नगर, इन्द्रिापुरम पब्लिक स्कूल व शालीमार गार्डन के सेंट मैरी स्कूल व दिल्ली के वनस्थली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बढ-चढ़ कर इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया ।

प्रतियोगिता के तीन चरण थे, जिनमें प्रथम चरण में चयनित 18 विद्यालयों के 54 विद्यार्थियों के मधय द्वितीय चरण उतीर्ण करने के बाद अंतिम चरण में कुल 6 विद्यालयों के 18 विद्यार्थियों में से आखिरी तीन विद्यालयों के छात्रों को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये। प्रतियोगिता का आधार सामान्य ज्ञान तकनीकी ज्ञान तथा बौद्धिक क्षमता था, जिसका उद्देश्य था युवा विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना तथा योग्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना। प्रथम, द्वितीय, तथा तृतीय पुरस्कार स्वरूप छात्रों को क्रमशः 21,000, 15,000, तथा 9,000, रुपये की नकद धानराशि तथा अन्य बहुत से पुरस्कार प्रदान किये गये।

इस मौके पर आई.टी.एस की प्रिंसिपल डॉ. सुजाता के साथ डॉ. ए.के. पुरी, डॉ. आर.बी.एल. गोस्वामी, डॉ. आर.पी चड्ढा, मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

NEWS PAPER : BHAVI SATTA
DATED : 13 Oct 2012
PAGE NO. : 02

## आईटीएस इंस्टीट्यूट में हुआ

# प्रतियोगिता का आयोजन

-साहिबाबाद संवाददाता -


साहिबाबाद। मोहन नगर में मौजूद आई0टी0एस0 इन्स्टिट्यूस द्वारा गत् लगभग तीन माह से चली आ रही 'इन्ट्रा स्कूल ऑन लाइन क्विज़' नामक प्रतिस्पर्धा का समापन 12 अक्टूबर 2012 को हो गया। प्रतियोगिता के शुरूआत सरस्वती वन्दना के साथ की गई ।

इस प्रतियोगिता में प्रति विद्यालय तीन सर्वोत्तीर्ण विद्यार्थियों के मध्य 12 अक्टूबर 2012 को एक 'इन्टर स्कूल क्वीज प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ आई0टी0एस0, मोहन नगर, गाजियाबाद संस्थान के प्रेक्षाग्रह में सुबह 10:00 बजे किया गया, जिसमें दिल्ली तथा एन0सी0आर0 के 101 विद्यालयों के 303 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में साहिबाबाद के हिण्डन एयरफोर्स स्कूल केबी-1, केबी-2, केबी-3, डीएवी स्कूल, राजेन्द्र नगर, दिवाकर, डीपीएस इन्द्रिरापुरम, ग्रीन फिल्ड, चन्द्र नगर, होली एन्जल, राजेन्द्र नगर, इन्द्रिरापुरम पब्लिक स्कूल व शालीमार गार्डन के सेंट मैरी स्कूल व दिल्ली के वनस्थली पब्लिक स्कूल के बच्चों ने बढ-चढ़ कर इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया ।

प्रतियोगिता के तीन चरण थे, जिनमें प्रथम चरण में चयनित 18 विद्यालयों के 54 विद्यार्थियों के मध्य द्वितीय चरण उर्तीण करने के बाद अंतिम चरण में कुल 6 विद्यालयों के 18 विद्यार्थियों में से आखिरी तीन विद्यालयों के छात्रों को प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय पुरस्कार प्रदान किये गये। प्रतियोगिता का आधार सामान्य ज्ञान तकनीकी ज्ञान तथा बौद्धिक क्षमता था, जिसका उद्देश्य था युवा विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना तथा योग्य विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना।

प्रथम, द्वितीय, तथा तृतीय पुरस्कार स्वरूप छात्रों को क्रमशः 21,000, 15,000, तथा 9,000, रुपये की नकद धनराषि तथा अन्य बहुत से पुरस्कार प्रदान किये गये। इस मौके पर आई.टी.एस की प्रिंसिपल डॉ0 सुजाता के साथ डॉ0 ए.के. पुरी, डॉ0 आर.बी.एल. गोस्वामी, डॉ0 आर.पी चड्ढा, मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे ।




आई0टी0एस0 इन्स्टिट्यूस के क्वीज़-व्हीज प्रतियोगिता में भाग लेते विभिन्न स्कूलों के छात्र।

# INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE

**MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201007**

**NEWSPAPER :** NAVBHARAT TIMES (E28)
**DATED :** 11 Oct. 2012
**PAGE NO :** 02

## क्विज प्रतियोगिता का आयोजन

एनबीटी न्यूज॥ मोहन नगर : यहां स्थित आईटीएस कॉलेज कैंपस में 3 महीने से चल रहे इंट्रा स्कूल ऑनलाइन क्विज कॉम्पिटिशन में एनसीआर के करीब 100 स्कूलों के स्टूडेंट्स ने पार्टिसिपेट किया। इस प्रतियोगिता के लिए हर स्कूल से पहले 3 स्थानों पर रहने वाले बच्चों का चयन किया गया, जो 12 अक्टूबर को होने वाली इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे।

Copy To : D.G. Sir,........................
.........................................
Director IT..................................
Director Mgmt.............................
Principal UG Campus.................
Registrar Office...........................
Secretary Office..........................
Librarian....................................

INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE
MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201007

NEWSPAPER : DAINIK YUG KARYAT
DATED : 11 Oct. 2012
PAGE NO : 02

# आईटीएस में क्वीज का फाइनल कल

गाजियाबाद। आईटीएस मोहननगर में आयोजित इंटर स्कूल क्वीज प्रतियोगिता में दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद समेत करीब छह जिलों से 50 से अधिक स्कूलों के स्टूडेंट्स भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता का फाइनल शुक्रवार को होगा। फाइनल में सामान्य ज्ञान, तकनीकी शिक्षा एवं बौद्धिक क्षमता पर आधारित सवाल किये जायेंगे। आईटीएस के वाइस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने बताया कि प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर आने वाली टीमों को 21 हजार, 15 हजार और 9 हजार रुपये का प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जायेगा।

NEWS PAPER : RASHTRIYA SAHARA

DATED : 05 Oct. 2012

PAGE NO. : 08

## आईटीएस में आया मारीशस का दल

**साहिबाबाद**। आईटीएस मोहन नगर कैंपसं में विदेशी पाठ्य क्रमों को अंतर्राष्ट्रीय सहयोग प्रदान करने के लिए मोरिशश के एजुकेशन सिटी के एक दल ने संस्थान का आज भ्रमण किया। संजय जवालिया के नेत्रत्व में आए इस दल में सीइओ प्लेने आईडीयू नेट वर्क इंडिया, मि. पोपीनेल, डवलपमेंट मैनेजर मिडाइन ग्रुप मोशिश, मि.माक्र डिसमेटेस, ग्रुप एचआर हैड मिडाइन ग्रुप मोरिशस, मि. बलजिंदर शर्मा, एडवाइजर मिडाइन ग्रुप मोरिशस आदि थे। इस दल ने आईटीएस एवं अपने यहां की शिक्षा के आदान प्रदान का अध्यन किया। दल के प्रमुख ने बताया कि मोरिशश में विदेशों के मेडिकल के छात्रों की संख्या सवसे ज्यादा होती है। मैनेजमेंट, टूरिज्म, अकाउंटिंग तथा फाइनेंस के विदेशी छात्र भी वहां ज्यादा शिक्षा लेने आते हैं।

NEWS PAPER : NAVBHARAT TIMES

DATED : 05 Oct 2012

PAGE NO. : 04 (THA)

## मॉरिशस की टीम का आईटीएस दौरा

एनबीटी न्यूज ॥ मोहन नगर : मॉरिशस स्थित मिडाइन एजुकेशन सिटी की एक टीम ने बुधवार को मोहन नगर स्थित आईटीएस कैंपस का दौरा किया।

NEWS PAPER : HINT
DATED : 05 Oct 2012
PAGE NO. : 02

# आईटीएस पहुंची मॉरिशस एजुकेशन की टीम

**विदेशी शिक्षा पर की दोनों डेलिगेट्स ने चर्चा**

वसुंधरा। 'मिडाईन एजुकेशन सिटी, मॉरिशस' से एक टीम आईटीएस मोहन नगर कैम्पस मे विदेश पाठ्यक्रमों के आदान-प्रदान हेतु उपस्थित थी।

टीम में मुख्यत: संजय मवालिया, पोपीनेल, मार्क डिसमेटेस, ग्रुप एचआर हेड, मिडाइन ग्रुप, मॉरिशस ने आईटीएस ग्रुप ऑफ इन्स्टि्टयिशंस के विभिन्न पाठ्यक्रमों के साथ अपने पाठ्यक्रमों के साथ अपने पाठ्यक्रमों का आदान-प्रदान करने के लिए विशेषतया: अध्ययन किया।

इस अध्ययन में इन्होंने बताया किया मॉरिशस में मेडिकल के विदेशी छात्रों की प्रतिशतता सर्वाधिक है। इसी के साथ-साथ मैनेजमेन्ट, टूरिज्म, अकाउन्टिंग तथा फाईनेन्स भी विदेशी छात्रों के साथ मुख्य आकर्शण का केंद्र हैं। उन्होंने यह भी उजागर किया कि विदशी छात्रों में भारतीय छात्रों की संख्या सर्वाधिक है। जिससे प्रमाणित होता है कि भारतीय छात्र उपयुक्त पाठ्यक्रम के अभाव के कारण विदेशी यूनिवर्सिटिज में प्रवेश लेना ज्यादा पसंद करते है।

गौरतलब है कि आईटीएस ने कई विदेशी यूनिवर्सिटिज़ से अर्न्तराष्ट्रीय सहयोग का अनुबन्धा किया हुआ है। जिनमें गर्ने अमेरिकन यूनिवर्सिटी, यूके, एशियन यूनिवर्सिटी, थाइलैण्ड तथा यूनिवर्सिटी ऑफ लियॉन, फंस प्रमुख है।

इस अवसर पर डॉ. सुजाता खण्डेय, प्रिंसिपल यूजी कैम्पस ने बताया कि इस प्रकार के अर्न्तराष्ट्रीय सहयोग प्रदान करने से छात्रों तथा शिक्षकों में विश्वस्तर पर ज्ञान का आदान-प्रदान होता है तथा रोजगार के सुवसर प्राप्त होते हैं।

News Paper : YUG KARVAT
DATED : 05 Oct. 2012
Page no. : 05

# मॉरीशस के विशेषज्ञों ने आईटीएस की शिक्षा प्रणाली की जानकारी ली

गाजियाबाद। मॉरीशस की मिडाइन एजुकेशन सिटी से विशेषज्ञों की एक टीम ने मोहननगर स्थित आईटीएस का भ्रमण कर शिक्षा प्रणाली एवं संसाधनों की जानकारी ली। टीम में प्लेनेट ईडीयू नेटवर्क के सीईओ संजय मवालिया, मिडाइन ग्रुप के मैनेजर पोपीनेल, मिडाइन के एचआरडी हैड मार्क डिस्मिटेस, एडवाइजर बलजिंदर शर्मा शामिल थे। टीम में शामिल अधिकारियों ने छात्र-छात्राओं से बातचीत कर इंस्टीट्यूट के संसाधन एवं शिक्षा पद्धतियों की जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भारत के कॉलेजों में भारी संख्या में मॉरीशस के छात्र-छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। दोनों देशों के बीच शिक्षा के क्षेत्र में आदान-प्रदान को बढ़ाने के उद्देश्य से कॉलेजों के साथ समझौते किये जा रहे हैं। इसके तहत मॉरीशस के बच्चे यहां आकर शिक्षा ग्रहण करेंगे तथा यहां के शिक्षक मौरीशस के कॉलेजों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार में मदद करेंगे। इस मौके पर आईटीएस के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने कहा कि आईटीएस ने कई विदेशी विश्वविद्यालयों से अनुबंध किया है, जिनमें गर्ने अमेरिकी यूनिवर्सिटी, एशियन यूनिवर्सिटी यूके, यूनिवर्सिटी ऑफ लीयोन फ्रांस शामिल हैं। प्रिंसिपल सुजाता खाण्डे ने प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।

NEWS PAPER : DAINIK PRALAYANKAR
DATED : 5 Oct 2012
PAGE NO. : 02



# मोरिशस की एजुकेशंस टीम ने आई.टी.एस. का लिया जायजा

–प्रलयंकर प्रतिनिधि–

गाजियाबाद, 5 अक्टूबर। 'मिडाईन एजुकेशन सिटी, मोरिशस' से एक टीम आई0टी0एस0 मोहन नगर कैम्पस में विदेश पाठ्यक्रमों के आदान–प्रदान हेतु उपस्थित थी। टीम में मुख्यतः मिस्टर संजय मवालिया, सी0ई0ओ0, प्लेनेट ई0डी0यू0 नेटवर्क, इण्डिया, मिस्टर पोपीनेल, डेवलेपमेन्ट मैनेजर, मिडाइन ग्रुप, मो. शिस, मिस्टर मार्क डिसमेटेस, ग्रुप एन0आर0 हेड, मिडाइन ग्रुप, मोरिशस, मिस्टर बलजिन्दर शर्मा, एडवाइजर, मिडाईन ग्रुप, मो. रिशस ने आई0टी0एस0 ग्रुप ऑफ इन्स्टिट्यूशन्स के विभिन्न पाठ्यक्रमों के साथ अपने पाठ्यक्रमों के साथ अपने पाठ्यक्रमों का आदान–प्रदान करने के लिए विशेषतयाः अध्ययन किया। इस अध्ययन में इन्होंने बताया किया मोरशिस में मेडिकल के विदेशी छात्रों की प्रतिशतता सर्वाधिक है। इसी के साथ–साथ मैनेजमेन्ट, टूरिज्म, अकान्टिंग तथा फाईनेन्स भी विदेशी छात्रों के साथ मुख्य आकर्षण का केंद्र हैं। उन्होंने यह भी उजागर किया कि विदेशी छात्रों में भारतीय छात्रों की संख्या सर्वाधिक है। जिससे प्रमाणित होता है कि भारतीय छात्र उपयुक्त पाठ्यक्रम के अभाव के कारण विदेशी यूनिवर्सिटिज में प्रवेश लेना ज्यादा पसंद करते है। आई0टी0एस0 अपने छात्रों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने हेतु प्रतिबद्ध है अतः अपने छात्रों को विश्वस्तरीय शिक्षा प्रदाने करने हेतु तथा अपने शिक्षकों को भी विश्वस्तरीय शिक्षा पद्धति का अनुसरण करते हेतु आई0टी0एस0 ने पहले से ही कई विदेशी यूनिवर्सिटिज़ से अर्न्तराष्ट्रीय सहयोग का अनुबन्ध किया हुआ है।. जिनमें गर्ने अमेरि. कन यूनिवर्सिटी, यू0के0, एशियन यूनिवर्सिटी, थाइलैण्ड तथा यूनिवर्सिटी ऑफ लियॉन, फ्रांस प्रमुख है। इस अवसर पर डा0 सुजाता खण्डेय, प्रिंसिपल यू0जी0 कैम्पस ने बताया कि इस प्रकार के अर्न्तराष्ट्रीय सहयोग प्रदान करने से छात्रों तथा शिक्षकों में विश्वस्तर पर ज्ञान का आदान–प्रदान होता है तथा रोजगार के सुवसर प्राप्त होते है।

NEWS PAPER : AMAR UJALA

DATED : 29 Sept '12

PAGE NO. : 04

## भरत और अकांक्षा को मोरक्को का खिताब

साहिबाबाद। मोहन नगर स्थित आईटीएस इंस्टीट्यूट में शुक्रवार को दो दिवसीय मोरक्को ए टैलेंट हंट का समापन हो गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर भरत भाटिया मिस्टर और अकांक्षा को मिस मोरक्को के खिताब से नवाजा गया। जतिन और नितिशा को फ्रेश फेस आफ द बैच का अवार्ड मिला। तजेंद्र को बेस्ट टैलेंट, सोलो डांस में अंजली राघव और ग्रुप डांस में तमन्ना दुआ ने बाजी मारी। कार्यक्रम का शुभारंभ आईटीएस के महानिदेशक प्रो. एकेपुरी ने किया। उन्होंने कहा कि नए प्रयोगों से विद्यार्थियों में सृजनात्मक और नवीनीकरण करने की क्रिया विकसित होती है। टैलेंट हंट से विद्यार्थियों की का प्रोत्साहन करना है।



भारत



नितिशा


# INSTITUTE OF TECHNOLOGY & SCIENCE

MOHAN NAGAR, GHAZIABAD-201007

**NEWSPAPER :** DAINIK YUG KARVAT
**DATED :** 01 Oct. 2012
**PAGE NO :** 03

# मोरक्को टैलेंट हट में स्टूडेंट्स ने दिखाए जलवे





गाजियाबाद। मोहननगर स्थित आईटीएस के यूजी कैंपस में नए छात्रों के लिए 'मोरक्को ए टैलेंट हंट' स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं जैसे सिंगिंग, डांस, डिबेट, टेबिल-टेनिस, फैशन शो आदि का आयोजन किया गया जिनमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आयोजकों के मुताबिक कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों की बहुआयामी प्रतिभा को प्रदर्शित करना तथा निखारना था।

प्रतियोगिता में भरत भाटिया को मिस्टर मोरोक्को एवं आकांक्षा को मिस मोरोक्को के खिताब से नवाजा गया। इसी श्रृंखला में मिस्टर जतिन तथा मिस निकिता 'फ्रेश फेस ऑफ द बैच' रहे। मिस्टर तेजेन्द्र को 'बेस्ट टैलेंट का अवार्ड दिया गया। सोलो डांस, ग्रुप डांस इत्यादि में अंजलि यादव तथा तमन्ना दुआ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

अपने स्वागत भाषण में आईटीएस के महानिदेशक प्रो. डा. एके पुरी ने कहा कि आज के युग में सृजनात्मकता एवं नवीनीकरण अति आवश्यक है। कोई भी देश वर्तमान में तभी सफलता की ओर तीव्र गति से अग्रसर होगा जबकि उसका मानव संसाधन सृजनात्मकता में उत्कृष्ट हो। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए आईटीएस में प्रतिवर्ष नव-आगन्तुक छात्रों के लिए टेलेन्ट हंट का आयोजन किया जाता है। इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से सृजनात्मक सोच को प्रेरित करते हुए छात्रों के चहुमुखी विकास पर बल दिया जाता है और विद्यार्थी अपनी सोच की उड़ान को पंख लगाते हुए सृजनात्मकता एवं नवीनीकरण को विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से सभी के सामने प्रस्तुत करते हैं।

समापन समारोह में आईटीएस के वाइस चेयरमेन अर्पित चड्ढा, सेक्रेटरी बीके अरोरा, महानिदेशक एके पुरी, डायरेक्टर मैनेजमेंट डा. एकेएस सूर्यवंशी, डायरेक्टर आईटी डा. विनीत कंसल तथा प्रधानाचार्या डा. सुनीता खण्डई उपस्थित रहे।

Copy To : D.G. Sir,..........................
..........................
Director IT..........................
Director Mgmt..........................
Principal UG Campus..........................
Registrar Office..........................
Secretary Office..........................
...man..........................

NEWS PAPER : DAINIK PRALAYANKAR

DATED : 29 ~~Nov.~~ Sept 2012

PAGE NO. : 02

# आई.टी.एस. में 'मोरोक्को ए टैलेंट हंट' का आयोजन

गाजियाबाद, 29 सितंबर। आई0टी0एस0 मोहन नगर इन्सटीट्यूट के यू0जी0 केम्पस में नवागन्तु क छात्रों के लिए 'मोरोक्को ए टेलेन्ट हंट' स्वागत समारोह को आयोजन किया गया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में छात्रों के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं जैसे सिंगिंग, डान्स, डिबेट, टेबिल–टेनिस, फेशन–शो आदि का आयोजन किया गया जिनमें छात्रों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों की बहुआयामी प्रतिभा को प्रदर्शित करना तथा निखारना था।

इस प्रतियोगिता में भरत भाटिया को मिस्टर मोरोक्को एवं आकांशा को मिस मोरोक्को के खिताब से नवाजा गया। इसी श्रंखला में मिस्टर जतिन तथा मिस नितिशा 'फ्रेश फेस ऑफ द बैच' रहे। मिस्टर तजेन्द्र को 'बेस्ट टेलेन्ट का अवार्ड दिया गया। सोलो डांस, ग्रुप डांस इत्यादि में अंजली राघव तथा तमन्ना दुआ ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

अपने स्वागत भाषण में आई0टी0एस0 के महानिदेशक प्रो0(डा0) ए0के0 पुरी ने कहा कि आज के युग में सृजनात्मकता एवं नवीनीकरण अतिआवश्यक है। कोई भी देश वर्तमान में तभी सफलता की ओर तीव्र गति से अग्रसर होगा जबकि उसका मानव संसाधन सृजनात्मकता में उत्कृष्ट हो। इसी तथ्य को ध्यान में रखते हुए आई0टी0एस0 में प्रतिवर्ष नव–आगन्तुक छात्रों के लिए टेलेन्ट हंट का आयोजन किया जाता है। इसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से सृजनात्मक सोच को प्रेरित करते हुए छात्रों के चहुमुखी विकास पर बल दिया जाता है और विद्यार्थी अपनी सोच की उड़ान को पंख लगाते हुए सृजनात्मकता एवं नवीनीकरण को विभिन्न प्रतियोगिताओं के माध्यम से सभी के सामने प्रस्तुत करते है।

समापन समारोह में आई0टी0एस0 के वाइस चैयरमेन श्री अर्पित चड्ढा, सेक्रेटरी श्री बी0के0 अरोरा, महानिदेशक ए0के0 पुरी, डारेक्टर मैनेजमेंट डा0 ए0के0एस0 सूर्यवंशी, डारेक्टर आई0टी0 डा0 विनीत कंसल तथा प्रधानाचार्या डा0 सुजाता खण्डई उपस्थित रहे।